# 1. 'डाटा एन्ट्री ऑपरेटर" पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

सेवा में

प्रिंसिपल
सेवा सदन हाई स्कूल
दिल्ली।

विषय :- डाटा एन्ट्री ऑपरेटर' के पद के लिए आवेदन पत्र ।

महोदय,

मुझे 'दैनिक समाचार पत्र' दिल्ली में दिनांक 07 मई, 2015 को छपे विज्ञापन को पढ़कर पता चला कि आपके स्कूल में 'डाटा एन्ट्री ऑपरेटर' के तीन पद खाली हैं। मैं स्वयं को इस पद के लिए प्रस्तुत कर रहा हूँ। मेरा परिचय तथा शैक्षिक योग्यताएं इस प्रकार हैं :

सामान्य परिचय

| | |
|---|---|
| 1. नाम | अरविन्द कुमार |
| 2. पिता का नाम | श्री रोहित कुमार |
| 3. माता का नाम | श्रीमती रीटा |
| 4. पिता का व्यवसाय | दुकानदार |
| 5. माता का व्यवसाय | कामकाजी महिला |
| 6.परिवार की कुल आमदनी | 3,00,000/- वार्षिक |
| 7. आयु | 20 वर्ष |
| 8. जन्म तिथि | 06.07.1995 |
| 9. पता (स्थायी) | मकान नम्बर - 125, मयूर विहार,<br>पानीपत (हरियाणा) |
| 10. ( पत्र व्यवहार के लिए पता) | उपर्युक्त |

# शैक्षिक जानकारी

| क्रम संख्या | उत्तीर्ण की गई कक्षा | वर्ष | बोर्ड/ संस्था | पढ़े गए विषय | प्राप्त अंक | कुल अंक | पास प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आठवीं | 2010 | हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड, भिवानी | अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक शिक्षा, हिंदी, कम्प्यूटर शिक्षा, संगीत | 560 | 800 | 70% |
| 2. | दसवीं | 2011 | हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड, भिवानी | अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक शिक्षा, हिंदी, कम्प्यूटर शिक्षा, संगीत | 620 | 800 | 77.5% |
| 3. | कम्प्यूटर डिप्लोमा | 2013 | नेशनल कम्प्यूटर सेंटर | कार्यालय प्रबंधन | 375 | 500 | 75% |

**अनुभव : सूर्या विज्ञापन कम्पनी' दिल्ली में गत एक वर्ष से 'डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत।**

**भवदीय**

**अरविन्द कुमार ( अरविन्द कुमार )**

**मकान नम्बर :** 125,

**मयूर विहार, पानीपत,हरियाणा**

**मोबाइल नम्बर:** 1234567890

राजन शर्मा सुमन सहगल

**जालंधर**

## 2. अपनी गलती के लिए क्षमा याचना करते हुए अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

सेवा में

प्रधानाचार्य
बाल विकास विद्यालय
हैदराबाद।

दिनांक : 12.08.2015

विषय : क्षमा याचना के लिए प्रार्थना पत्र।

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय में दसवीं कक्षा का विद्यार्थी हूँ। मुझसे एक गलती
हुई है जिसके लिए मैं आपसे क्षमा माँगना चाहता हूँ। मैंने आज लाइब्रेरी के पीरियड में चोरी से एक किताब से दो पन्ने फाड़ लिए थे। मेरी इस धृष्टता को अध्यापक ने देख लिया। मेरी चोरी पकड़ी गयी अब मैं बहुत ही शर्मिंदा हूँ। यह मेरी पहली गलती है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मैं भविष्य में कभी ऐसी गलती नहीं करूँगा। कृपया मेरी इस गलती को माफ कर दीजिए। मैं आपका अति आभारी रहूँगा।

आपका आज्ञाकारी शिष्य
शिशुपाल सिंह (शिशुपाल सिंह)
कक्षा-दसवीं-ए
रोल नम्बर-13

राजन शर्मा सुमन सहगल
जालंधर

## 3. विषय बदलने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

सेवा में

प्रधानाचार्य

उत्थान पब्लिक स्कूल

चंडीगढ़।

दिनांक : 17.09.2015

विषय : विषय बदलने के लिए प्रार्थना पत्र ।

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं दसवीं-सी कक्षा का विद्यार्थी हूँ। मैं लिए गए विषयों में से एक विषय बदलना चाहता हूं। इस कक्षा के लिए प्रवेश फार्म भरते समय मैंने 'चित्रकला' विषय को चुना था किन्तु अब मुझे इस विषय को पढ़ते समय कठिनाई हो रही है। मैं इस विषय के स्थान पर 'खेतीबाड़ी' विषय पढ़ना चाहता हूँ। मेरी खेतीबाड़ी में बहुत रुचि है। अतः आपसे विनती है कि मुझे कृपया विषय परिवर्तन की आज्ञा दी जाए। इस कृपा के लिए मैं आपका बहुत आभारी रहूँगा।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

नीरज वर्मा (नीरज वर्मा)

कक्षा- दसवीं-सी

रोल नंबर -08

राजन शर्मा सुमन सहगल

जालंधर